सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
पिन:–272202
website: www.suksn.edu.in

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Sidhharth Nagar
Pin -272202
Email Id: registrarsidduniv@gmail.co

पत्रांक: 590/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 24/07/2026

सेवा में,

1. अधिष्ठाता–कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
   सिद्धार्थनगर।

2. प्राचार्य/प्राचार्या
   सम्बद्ध समस्त राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
   सिद्धार्थनगर।

विषय– "मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना" का शुभारम्भ कार्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक 585/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 23/07/2026 के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के समानान्तर जनपदों में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम में दिनांक 26 जुलाई, 2026 को सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बस्ती–मण्डल, बस्ती के पत्रांक–क्षे0का0ब0/मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा/73/2026–27 दिनांक 24.07.2026 एवं प्राचार्य, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय महराजगंज के दिनांक 24–07–2026 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर एवं महराजगंज में आयोजित कार्यक्रम स्थल निम्नानुसार है–

| क्रमांक | जनपद | जनपदीय नोडल अधिकारी का नाम | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | बस्ती | डॉ0 अतुल कुमार पाण्डेय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सहमो बस्ती। | सभागार, शिवहर्ष किसान पी0जी0 कॉलेज बस्ती। |
| 2. | सन्तकबीरनगर | प्रो0 आशाराम, प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय, खलीलाबाद सन्तकबीर नगर। | कलेक्ट्रेट सभागार सन्तकबीरनगर। |
| 3. | सिद्धार्थनगर | डॉ0 दिलीप जायसवाल, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पंचमोहनी, सिद्धार्थनगर। | अम्बेडकर सभागार, विकास भवन, सिद्धार्थनगर। |
| 4. | महराजगंज | प्राचार्य, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय महरागंज। | कलेक्ट्रेट सभागार (बुद्धा सभागार) महराजगंज। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्वयं सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित संकाय एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र एवं अभिभावक को उक्त जनपद स्तरीय कार्यक्रम में दिनांक 26 जुलाई, 2026 दिन–रविवार को पूर्वान्हन 9:30 बजें तक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करे।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बस्ती एवं गोरखपुर मण्डल।
2. नोडल अधिकारी, मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, जनपद सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, बस्ती, एवं महराजगंज।
3. समस्त शिक्षकगण, विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
   सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner